VISION IAS

www.visionias.in

GENERAL STUDIES (TEST CODE : 1525)

Name of Candidate	RAVINDRA KUMAR		
Medium Hindi/Eng.	HINDI	Registration Number	317130
Center	MUKHERJEE NAGAR	Date	20/12/2020

INDEX TABLE

Q. No.	Maximum Marks	Marks Obtained
1(a)	10	
1(b)	10	
2(a)	10	
2(b)	10	
3(a)	10	
3(b)	10	
4(a)	10	
4(b)	10	
5(a)	10	
5(b)	10	
6	10	
7	10	
8	10	
9	20	
10	20	
11	20	
12	20	
13	20	
14	20	

Total Marks Obtained:

Remarks:

Signature of Examiner

INSTRUCTIONS

1. Do furnish the appropriate details in the answer sheet (viz. Name, Registration Number and Test Code).
   उत्तर पुस्तिका में सूचनाएं भरना आवश्यक है (नाम, प्रश्न–पत्र कोड, विद्यार्थी क्रमांक आदि)।
2. There are **FOURTEEN** questions printed in **ENGLISH & HINDI**
   इसमें चौदह प्रश्न हैं अंग्रेजी और हिन्दी में छपे हैं।
3. **All questions are compulsory.**
   सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
4. The number of marks carried by a question/part is indicated against it.
   प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं।
5. Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate, which must be stated clearly on the cover of this Question-Cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other that the authorized one.
   प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश पत्र में किया गया है और उस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न–सह–उत्तर (क्यूसीए) पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिए गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।
6. Word limit in questions, if specified, should be adhered to.
   प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।
7. Any page or portion of the page left blank in the Question-Cum-Answer Booklet must be clearly struck off.
   उत्तर पुस्तिका में खाली छोडा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।

EVALUATION INDICATORS

1. Contextual Competence
2. Content Competence
3. Language Competence
4. Introduction Competence
5. Structure - Presentation Competence
6. Conclusion Competence

Overall Macro Comments / feedback / suggestions on Answer Booklet:

1.

2.

3.

4.

5.

6.

All the Be

VISION IAS™

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

SECTION – A

1. (a) Administration discretion can be a blessing if used correctly, however its misuse can prove to be a curse. Discuss with examples. (150 words) 10

यदि प्रशासकीय विवेक सही तरीके से उपयोग किया जाए तो यह एक वरदान हो सकता है, हालांकि इसका दुरुपयोग अभिशाप सिद्ध हो सकता है। उदाहरणों के साथ चर्चा कीजिए।

प्रशासकीय विवेक किसी प्रशासक का वह गुण है जो प्रशासक को विधिक शक्ति व अधिकारो से इत्तर अन्तआत्मा व तर्क के आधार पर निर्णय निर्माण के लिये प्रेरित करता है.

प्रशासकीय विवेक एक वरदान के रूप मे

① प्रशासकीय विवेक किसी प्रशासक को नैतिक संघर्ष व विधिक मुद्दो की स्थिति मे निर्णय निर्माण के लिये प्रेरित करता है.

eg. कोविड-19 महामारी मे CSR फण्ड का उपयोग

② यह कानून की अनुपस्थिति मे नैतिक निर्णय लेने के लिये प्रेरित करता है.

③ कानून के यथार्थ उद्देश्य की प्राप्ति में संवेदनशील व सांस्कृतिक तत्वो के प्रयोग को बढ़ावा देता है।

eg. मनरेगा के क्रियान्वयन मंजू राजपाल कार्यक्रम।

④ प्रशासकीय विवेक के सही उपयोग सुशासन, पारदर्शिता व जवाबदेहिता को स्थापित करता है।

विवेक + जवाबदेही + पारदर्शिता = सुशासन
सही तरीका ... बढ़ावा

eg. अशोक खेमका, TN शेषन

Don't write anything in this margin (इस भाग में कुछ न लिखें)

प्रशासकीय विवेक का दुरुपयोग एक अभिशाप

1. प्रशासकीय विवेक का दुरुपयोग भ्रष्टाचार व अपराधीकरण को बढ़ावा देता है.
   eg. 2G घोटाला
2. प्रशासकीय विवेक का दुरुपयोग शक्तियो के केन्द्रीकरण को बढ़ावा देता है और लोकतंत्र की मूल भावना के विरु को नुकसान पहुँचाता है.
3. यह प्रशासन मे एकाधिकार को बढ़ावा देकर प्रतिस्पर्धा को कम करता है.
4. नागरिक केन्द्रित प्रशासन व नागरिक भागीदारी की उपेक्षा करता है.

प्रशासकीय विवेक – जवाबदेही = भ्रष्टाचार / तानाशाही

eg. हिटलर.

इस तरह प्रशासकीय विवेक का मूल्यांकन अच्छे व बुरे दोनो का मिश्रण है. लेकिन प्रशासन मे बढ़ती जटिलताओ मे इसकी उपेक्षा नही की जा सकती है अतः इसके सही उपयोग को बढ़ावा दिया जाना चाहिये

VISION IAS™

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

1. (b) There is a view that corrupt practices have been socially accepted in India. How can this 'acceptance' be shifted to 'rejection' towards corruption?
(150 words) 10

प्रायः यह मत व्यक्त किया जाता है कि भारत में भ्रष्ट प्रथाओं को सामाजिक रूप से स्वीकार कर लिया गया है। भ्रष्टाचार के प्रति इस 'स्वीकृति' को 'अस्वीकृति' में कैसे परिवर्तित किया जा सकता है?

भ्रष्ट प्रथाओ से तात्पर्य शासन के विभिन्न सोपानो पर गैर कानूनी प्रक्रियाओ व तरीको का उपयोग करने वाली प्रथाओ से है. भारत में इन भ्रष्ट प्रथाओ के प्रति सामाजिक रूप से स्वीकार्यता बढ़ी है.
eg. भ्रष्टाचार का संस्थानिकरण
हाल ही मे जारी ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के करप्शन परसेप्शन सूचकांक मे भारत का ~~दय~~ दयनीय प्रदर्शन इस स्वीकृति को अस्वीकृति मे परिवर्तित करने आवश्यकता पर जोर देता है

भ्रष्टाचार के प्रति स्वीकृति को अस्वीकृति मे परिवर्तन

(i) पारिवारिक स्तर पर

① परिवार में भ्रष्टाचार को एक बुराई के रूप मे देखा जाना चाहिये।

② ईमानदारी व सत्यनिष्ठा की नैतिक शिक्षा की कहानियां (श्रवण अधिगम)

(ii) सामाजिक स्तर पर

① समाज में भ्रष्ट प्रथाओ के प्रति तीव्र व कड़ी आलोचना।

② भ्रष्टाचार मे लिप्त लोगो का सामाजिक बहिष्करण (अवलोकन अधिगम)

(iii) स्कूली स्तर पर

(i) भ्रष्टाचार के दुष्परिणामों की शिक्षा।

(ii) महान पुरुषों की कहानियों से ईमानदारी की शिक्षा।

(iii) भ्रष्टाचार पर सरकार की कड़ी कार्यवाही की सूचना बार-2 विद्यार्थियों पढ़ाई जानी चाहिये। (क्लासिकल अधिगम)

(iv) शासन के स्तर

(i) कानूनों के माध्यम से समाज में प्रतिरोधकता।

(ii) कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन व भ्रष्टाचार मामलों में उच्च दोष सिद्धि दर के माध्यम



इस प्रकार भ्रष्टाचार की अस्वीकार्यता हेतु बहुस्तरीय व बहुआयामी रणनीति को अपनाया जाना चाहिये। प्रशासन में ईमानदार व्यक्तियों को एक रोल मॉडल के रूप में स्थापित करना चाहिये।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

2. (a) Ethical business practices are key for long-term survival of a company. Comment. (150 words) 10

किसी कम्पनी के दीर्घकालिक अस्तित्व के लिए व्यावसायिक नैतिकता महत्वपूर्ण है। टिप्पणी कीजिए।

व्यावसायिक नैतिकता उन मूल्यों का समुच्चय है जो विभिन्न व्यावसायिक संगठनों, प्रक्रियाओं में नैतिक बने रहने के लिये व्यवहार को निर्देशित करते है।



कम्पनी के दीर्घकालिक अस्तित्व हेतु व्यावसायिक नैतिकता का महत्व

1. व्यावसायिक नैतिकता कंपनी के नैतिक तुलन पत्र को सुधारेगी है और कम्पनी की ब्रांड वैल्यू को बढ़ायेगी।
   eg. टाटा समूह द्वारा जमशेदपुर में वेलनेस व जमशेदपुर मे टाटा समूह की ब्रांडवैल्यू

2. व्यावसायिक नैतिकता आर्थिक नैतिक मूल्य दक्षता, प्रभावशीलता व मितव्ययता से कंपनी के आर्थिक तुलन पत्र को बेहतर बनायेगी।
   eg. किंगफिशर की समस्या।

Don't write anything in the margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

③ व्यावसायिक नैतिकता का पालन कंपनी की लोगो में स्वीकार्यता बढ़ाती है और दीर्घकालिक स्थायित्व प्रदान करती है.

eg. विप्रो का सामाजिक प्रभाव

④ व्यावसायिक नैतिकता के अभाव में कंपनी की परियोजनाओं के विरुद्ध आंदोलन को बढ़ावा मिलता है.

eg. तमिलनाडु मे कॉपर प्लांट मे वेदान्ता का विरोध.

⑤ व्यावसायिक नैतिकता पर्यावरणीय संधारणीयता को बढ़ावा देती है और समाज के साथ-2 कंपनी के सतत विकास को बनाए रखती है

eg. सामाजिक वानिकी मे मिलिंडा व गेट्स फाउंडेशन

⑥ सामाजिक मूल्यों को ध्यान मे रखकर व्यावसायिक उद्देश्यों की प्राप्ति कंपनी की सामाजिक स्वीकार्यता भी बढ़ाती है

eg. कोविड-19 इन्फोसिस की CSR गतिविधियां

स्पष्टतः व्यावसायिक नैतिकता का पालन किसी कंपनी की दीर्घकालिक स्थायित्व की प्राप्ति हेतु आवश्यक है

VISION IAS™

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

2. (b) Law succeeds in encouraging ethical behaviour in a society only when it is backed by conscience of its individuals. Discuss. (150 words) 10

किसी समाज में नैतिक व्यवहार को प्रोत्साहित करने में क़ानून केवल तभी सफल होता है जब इसे समाज के लोगों के अंतःकरण द्वारा समर्थन प्राप्त हो। चर्चा कीजिए।

नैतिक व्यवहार किसी व्यक्ति के व्यवहार में नैतिक मूल्यों के पालन की अवस्था है वही बाध्यकारी मूल्यों का समूह, जो किसी व्यवस्था के संचालन के लिये आवश्यक हो, कानून कहलाता है।



कानून का अन्तःकरण से विरोधाभास व नैतिक व्यवहार

① जब किसी व्यक्ति के अन्तःकरण व कानून में असंगतता होगी तो गतिरोध की स्थिति उत्पन्न होगी।

② हित संघर्ष व नैतिक दुविधा उत्पन्न होगी।

③ अंतःकरण के अभाव कानून मानात्मक रूप से शुरू होता है

④ कानून के क्रियान्वयन में प्रशासनिक उत्साह में कमी

कानून को अन्तःकरण से समर्थन व नैतिक व्यवहार

① कानून के अन्तरात्मा से प्रेरित होने पर

Don't write anything in this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

कानूनो के आत्मसातीकरण को बढ़ावा मिलता है जिससे कानून का उल्लंघन नही होगा।

② अन्तःकरण से प्रेरित कानून स्पष्टता को बढ़ावा देता है और हित संघर्षों को कम करता है।

③ अंतःकरण से प्रेरित कानून वस्तुनिष्ठता को करूणा से जोड़कर कानून के उद्देश्य को पूर्ण करता है।
eg. केरल की ट्रांसजेण्डर नीति

④ यह कानूनो के लूप होल के दुरूपयोग को कम करता है।
eg. NIA के दुरूपयोग की बढ़ती प्रवृत्ति अंतःकरण व कानून मे विरोधाभास का कारण है।

⑤ अंतःकरण से प्रेरित कानून की सामाजिक स्वीकार्यता अधिक होती है और उसकी सफलता की प्रायिकता बढ़ जाती है।
eg. मनरेगा।

⑥ यह व्यक्तिगत और सार्वजनिक जीवन मे एकरूपता को जन्म देती है जिससे सत्यनिष्ठा की स्थापना होगी और शासन मे शुचिता आयेगी।

इस तरह गांधी के कथनानुसार कानून को अन्तःकरण से प्रेरित होना चाहिये क्योंकि अन्तःकरण से प्रेरित कानून ही सार्वभौमिक मूल्यो का पोषक होता है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

3. Given below are quotations of moral thinkers/philosophers. Bring out what they mean to you in the present context:
निम्नलिखित उद्धरण नैतिक विचारकों/दार्शनिकों के हैं। स्पष्ट कीजिए कि वर्तमान संदर्भ में आपके लिए इनका क्या अर्थ है:

(a) Our lives begin to end the day we become silent about things that matter. Martin Luther King Jr. (150 words) 10
हमारे जीवन का उस दिन अंत होना शुरू हो जाता है जिस दिन हम उन विषयों के बारे में चुप रहना शुरू कर देते हैं जो मायने रखते हैं। मार्टिन लूथर किंग जूनियर

मार्टिन लूथर किंग का उक्त कथन किसी व्यक्ति से उसके हित के मुद्दो पर प्रखर होकर अपनी बात रखने को प्रोत्साहित करते है. इनके अनुसार इसके अभाव में व्यक्ति का जीवन मृत प्राय: हो जाता है.

वर्तमान संदर्भ मे मेरे लिये इसका अर्थ

① मार्टिन लूथर का यह कथन सामाजिक कल्याण योजनाओ मे नागरिक भागीदारी को प्रोत्साहित करता है.
eg. नागरिक भागीदारी के अभाव डिजिटल इंडिया की सफलता संभव नही है
② यह मूल अधिकारो के उद्देश्य के रूप मे है
③ यह कथन नीति निर्माण, क्रियान्वयन व मूल्यांकन में लाभार्थी के हितो को समाहित कर द्विदिशीय संचार स्थापित करने की प्रोन्नति करता है.
eg. नागरिक समाज की सरकार मे भागीदारी
④ वर्तमान मे जनता की भागीदारी व उत्साह की कमी से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है. यह कथन इसको पूर्णत: चरितार्थ करता है.

(5) यह अपने हितो की पूर्ति हेतु सरकार पर दबाव बनाने हेतु प्रेरित करता है अन्यथा सरकार में निरंकुशता बढ़ेगी और लोकतंत्र की मूल भावना का अंत होगा।
eg. विभिन्न दबाव समूहो की उपस्थिति।

(6) यह बहुसंख्यक आबादी द्वारा अल्पसंख्यको के शोषण को रोकने हेतु अपने अधिकारो के लिये आवाज उठाने को प्रेरित करता है.

(7) वर्तमान मे नारीवादी आंदोलनो की बढ़ती प्रवृति को भी इसी भाव मे देखा जा सकता है
eg. मी टू अभियान

(8) अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अविकसित व विकासशील देशो द्वारा जलवायु परिवर्तन के लिये अपने हितो को बचाने हेतु विकसित देशो की जवाबदेही तय करना। इसी कथन के आलोक मे सार्थक दिखाई पड़ता है।
eg. पेरिस जलवायु समझौता।

स्पष्टत: मार्टिन लूथर का कथन वर्तमान मे भी प्रासंगिक है जो शोषित को अपने अधिकारों के लिये लड़ने व आवाज उठाने के लिये प्रेरित करता है.

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

3. (b) In law a man is guilty when he violates the rights of others. In ethics he is guilty if he only thinks of doing so. Immanuel Kant (150 words) 10

क़ानून की नजर में कोई व्यक्ति तब दोषी है जब वह दूसरों के अधिकारों का उल्लंघन करता है। नीतिशास्त्र के अनुसार, वह तब भी दोषी है जब वह ऐसा करने के बारे में सोचता है। इमैनुअल कांट

इमैनुएल कांट का यह कथन नीतिशास्त्र व कानून के मध्य अंतर स्पष्ट करते हुये बताता है कि कानून का उल्लंघन व्यक्ति के व्यवहार से होता है वही नीतिशास्त्र मे नैतिकता का उल्लंघन भावना से भी हो सकता है.

वर्तमान संदर्भ मे मेरे लिये इसका अर्थ

1. वर्तमान संदर्भ में यह कथन कानूनो पर विचार करते हुये नैतिकता को अधिक महत्व देता है. क्योंकि कानून अपराध के बाद शमन रणनीति है वही नैतिकता अपराध के रोकथाम की रणनीति है.

2. वर्तमान समाज मे जहाँ प्रौद्योगिकी मे तीव्र परिवर्तन हो रहा है वहाँ अपराधो मे अनामिकता की स्थिति है ऐसी स्थिति मे अपराधी को सजा दिलाना कठिन है अतः अपराध की भावना को समाप्त करने के लिये नीतिशास्त्र को अपनाया जाना चाहिये

3. वर्तमान चरम पंथ, वामपंथ, कट्टरवाद आतंकवाद में भावना के अधिक प्रबल होने पर कानून भी अपराध करने से नही रोक पाता है अतः नीतिशास्त्र ही

Don't write anything in margin

ऐसी परिस्थितियों में अग्रवाद को रोक सकता है।

4. वर्तमान सोशल मीडिया, के युग में फेक-न्यूज, डीप फेक जैसी प्रवृत्तियों को कानून के माध्यम से नियंत्रित करने के बजाय ऐसे अपराध की दुर्भावना को समाप्त किया जाना चाहिये।

5. वर्तमान मे समाज मे बढ़ती धार्मिक कट्टरता, अराजकता, मॉबलिंचिंग जैसी स्थितियों में कानून की बजाय नीतिशास्त्र पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिये।

6. वर्तमान में कानूनो की सीमित दायरा व नैतिक पतन की प्रवृत्ति के संदर्भ मे कानूनो पर नैतिकता की श्रेष्ठता आरोपित करनी चाहिये।

स्पष्टतः वर्तमान संदर्भ में कानून के अपराध शमन के बजाय नीतिशास्त्र के अपराध उद्गम की भावना की रोकथाम के लिये नैतिक मूल्यो को बढ़ावा दिया जाना चाहिये।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

4. (a) What do you understand by Social Intelligence? Discuss its relation with the Emotional Intelligence of an individual. (150 words) 10

सामाजिक बुद्धिमत्ता से आप क्या समझते हैं? किसी व्यक्ति की भावनात्मक बुद्धिमत्ता के साथ इसके संबंध पर चर्चा कीजिए।

सामाजिक बुद्धिमता किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व का वह आयाम है जिसमे व्यक्ति सामाजिक मूल्यों, भावनाओ तथा संबंधो का सकारात्मक प्रबंधन करने में सक्षम होता है. डेनियल गोलमैन के अनुसार सामाजिक बुद्धिमता भावनात्मक बुद्धिमता की पूर्वापेक्षा है.

भावनात्मक बुद्धिमता व्यक्ति की अपनी भावनाओ व दूसरो की भावनाओ की उचित प्रबंधन की स्थिति है.

भावनात्मक बुद्धिमता = अन्तः वैयक्तिक बुद्धिमता + सामाजिक बुद्धिमता

सामाजिक बुद्धिमता का भावनात्मक बुद्धिमता से संबंध

① सामाजिक बुद्धिमता भावनात्मक बुद्धिमता का पूर्ववर्ती चरण है जिसमे व्यक्ति समूह की भावनाओ व सामाजिक मूल्यो के प्रति समझ रखता है.

② सेलोवी व मेयर के अनुसार सामाजिक बुद्धिमता सामाजिक संबंधो में भावनात्मक निवेश की स्थिति है और भावनात्मक निवेश भावनात्मक बुद्धिमता का आवश्यक गुण है.

③ भावनात्मक बुद्धिमता का एक प्रमुख तत्व सामाजिक कौशल है। और सामाजिक बुद्धिमता इसी कौशल के उत्प्रेरक के रूप मे है (डेनियल गोलमैन)

eg. स्वच्छ भारत अभियान मे EI का प्रयोग।

④ भावनात्मक EI लोगो की भावनाओ को संगठन के उद्देश्यो से संरेखित करती है। और सामाजिक बुद्धिमता संगठन के उद्देश्यो का निर्धारण करती है

eg. व्यावहारिक अर्थशास्त्र

⑤ सामाजिक बुद्धिमता लोगों को प्रेरित करने का कौशल है और स्वप्रेरणा के साथ-2 दूसरो को प्रेरित करना EI का एक महत्वपूर्ण आयाम है।

eg. टीम भावना मे EI का उपयोग।



स्पष्टतः सामाजिक बुद्धिमता व भावनात्मक बुद्धिमता दोनो अन्तर्सम्बन्धित अवधारणाये है।

VISION IAS™

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

4. (b) While code of conduct presents a structure to organized values, code of ethics gives a foundation to that structure. Examine. (150 words) 10

जहाँ आचरण संहिता संगठित मूल्यों के लिए एक संरचना प्रस्तुत करती है, वहीं नीतिपरक आचार संहिता उस संरचना को एक आधार प्रदान करती है। परीक्षण कीजिए।

नीतिपरक आचार संहिता नैतिक मूल्यों का एक ऐसा समुच्चय है जो किसी व्यक्ति के व्यवहार को नैतिकता प्रदान करते है वही आचारसंहिता कानूनरूप से बाध्य मूल्यो का ऐसा समुच्चय है जो किसी व्यवस्था के सुचारु संचलन के लिये आवश्यक हो.

उदाहरण के तौर पर विश्नोई समाज के 29 सिद्धान्त नीतिपरक आचार संहिता है वही CCC कंडक्ट रूल 1964 आचार संहिता है

आचरण संहिता संगठित मूल्यो की एक संरचना

(1) किसी भी संगठन में अलग-2 पृष्ठभूमि के व्यक्ति होते है जिनकी नैतिकता अलग-2 हो सकती है ऐसी स्थिति मे संगठन के सुचारु संचालन हेतु आवश्यक प्रकृति के मूल्यो को बाध्यकारी बनाया जाना आवश्यक है

(2) यह संगठित मूल्य व्यवस्था के सुचारु संचालन के लिये आवश्यक है.

(3) यह किसी नकारात्मक प्रकृति के व्यवहार को निषेध करता है और संगठन के कार्य संस्कृति में सुधार करता है.

नीति परक आचार संहिता आचार संहिता की संरचना का आधार

① आचार संहिता नीति परक आचार संहिता का उपसमूह है.

② आचार संहिता को बाध्यकारी नीति परक संहिता के रूप में वर्णित किया जा सकता है,

③ आचार संहिता किसी विशेष व्यवहार को नियंत्रित करने हेतु चुना गया विशिष्ट मूल्य होता है.
eg. विशाखा दिशानिर्देश

④ बिना नीति परक संहिता के आचार संहिता की संरचना संभव नहीं है
eg. ईमानदारी ⟶ भ्रष्टाचार नहीं लेना
नीति परक आचार संहिता ↓
CCS 1964 आचार संहिता,



स्पष्टतः नीति परक आचरण संहिता, आचरण संहिता की संरचना को एक महत्वपूर्ण आधार प्रदान करती है.

5. (a) According to Buddhism, for a man to be perfect there are two qualities that he should develop equally: compassion (karuna) on one side, and wisdom (panna) on the other. Analyse. (150 words) 10

बौद्ध धर्म के अनुसार, एक व्यक्ति के पूर्ण होने के लिए उसे स्वयं में दो गुणों को समान रूप से विकसित करना चाहिए: एक करुणा और दूसरा प्रज्ञा। विश्लेषण कीजिए।

करुणा किसी व्यक्ति का वह भाव है जिसमे वह समानुभूतिक स्थिति में व्यवहार करता है वही प्रज्ञा सूचनाओं और ज्ञान के उपयोग की सक्षमता की स्थिति है.



व्यक्ति की पूर्णता मे करुणा व प्रज्ञा का महत्व

① करुणा जहां व्यक्ति को समानुभूतिक होकर दूसरो की समस्या के समाधान की ओर ले जाती है वही प्रज्ञा इस समस्या के समाधान के लिये तार्किकता लाती है.



② करुणा व प्रज्ञा व्यक्ति को तार्किकता व भावनात्मक के मध्य संतुलन की ओर ले जाता है जो वस्तुनिष्ठता व समानुभूति की एकरूपता की स्थिति है.

③ करुणा जहां संवेदनशील बनाती है वहीं प्रज्ञा संवेदनशीलता का समालोचक प्रबंधन करती है।
eg. SC/ST Act करुणा व प्रज्ञा का समन्वय है

④ करुणा व प्रज्ञा व्यक्ति को पूर्णता की ओर ले जाती है जो व्यक्ति को आदर्श के रूप मे स्थापित करती है।



Fig. करुणा व प्रज्ञा का चित्रीय निरूपण

स्पष्टतः करुणा व प्रज्ञा किसी व्यक्ति की पूर्णता के लिये आवश्यक है ये दोनों समान रूप से विकसित होकर व्यक्ति को आत्मपूर्णतावाद की ओर ले जाता है।

VISION IAS™

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

5. (b) The life of Dr. A.P.J. Abdul Kalam presents a broad range of lessons and virtues to be learnt by public servants in India. Discuss. (150 words) 10

डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का जीवन भारत में लोक सेवकों द्वारा सीखे जाने वाले सबक और सद्गुणों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रस्तुत करता है। चर्चा कीजिए।

डा. एपीजे अब्दुल कलाम एक महान वैज्ञानिक, उत्कृष्ट नेता व आदर्श ~~महापुरुष~~ व्यक्ति थे। जिनका जीवन लोक सेवकों को अनेक सबक व सद्गुणों को अपनाने के लिये प्रेरित करता है।

सीखे जा सकने वाले सबक

1. लोक सेवकों को सपने देखकर उन्हे यथार्थ मे बदलना का प्रयास करना चाहिये।
   eg. साइबर पुलिस गार्ड के लिये सिविल सेवकों ~~को सपना पूरा करना~~ प्रोत्साहन

2. लोक सेवको को जिम्मेदारी लेते हुये अपनी जवाबदेही तय करनी चाहिये
   eg. एकीकृत निर्देशित मिसाइल प्रोग्राम की सफलता व असफलता की जिम्मेदारी कलाम द्वारा ली गई।

3. लोक सेवको को छात्रो के लिये आदर्श प्रस्तुत करना चाहिये।
   eg. अब्दुल कलाम विश्व के समक्ष आदर्श रूप मे

4. लोक सेवको टीम भावना से कार्यकरते हुये मानसिक दृढ़ता का परिचय देना चाहिये।
   eg. अब्दुल कलाम का DRDO का नेतृत्व

(5) इनका जीवन लोगों को धार्मिक सम्वलता तथा धर्मनिरपेक्षता को धारण करने का सबक देता है.
eg. राष्ट्रपति के रूप में धर्मनिरपेक्ष छवि

(6) अब्दुल कलाम समस्या के व्यावहारिक समाधान को अधिक महत्व देते थे अतः लोकसेवको को व्यावहारिक बनने हेतु सबक ग्रहण करना चाहिये

(7) रिस्क टेकिंग अभिवृत्ति के विकास हेतु आदर्श प्रस्तुत करते है



स्पष्टतः ए पी जे अब्दुल कलाम एक बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे जो लोक सेवको को अनेक सद्गुणो व सबको की विस्तृत श्रृंखला प्रस्तुत करते है

VISION IAS™

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

6. Identify which essential information should be made available to the public via Citizen's Charter? Also, suggest some steps for successful implementation of the Citizen's Charter. (150 words) 10

चिन्हित कीजिए कि नागरिक चार्टर के माध्यम से कौन-सी आवश्यक जानकारी जनसामान्य के लिए उपलब्ध कराई जानी चाहिए? साथ ही, नागरिक चार्टर के सफल कार्यान्वयन के लिए कुछ उपायों का सुझाव दीजिए।

2nd ARC के अनुसार नागरिक चार्टर किसी संगठन द्वारा प्रदान की जा रही सेवा के संबंध में जनता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की घोषणा है।



2nd ARC के अनुसार नागरिक चार्टर मे निम्न जानकारी आवश्यक रूप से उपलब्ध कराई जानी चाहिये।

① सेवा के प्रकार व सेवा की गुणवत्ता के मानक

② सेवा के मूल्य का सार्वजनिकीकरण (भ्रष्टाचार को रोकने हेतु)

③ संगठन की सेवा के लाभार्थियो की पहचान

④ शिकायत निवारण तंत्र की जानकारी

⑤ सेवा अदायिगी की समयबद्धता का प्रकटीकरण

⑥ संगठन के लक्ष्यो की घोषणा

⑦ फीडबैक तंत्र तक लाभार्थी की पहुँच की प्रक्रिया

⑧ संगठन की कार्य संस्कृति की जानकारी

नागरिक चार्टर के सफल क्रियान्वयन के उपाय

① नागरिक चार्टर को स्थानीय भाषाओं में भी उपलब्ध कराया जाना चाहिये।

② नागरिक चार्टर का समय-2 अपडेशन किया जाना चाहिये।

③ नागरिक चार्टर की घोषणा के लिये प्रौद्योगिकी का प्रयोग।
eg. संगठन के पोर्टल पर नागरिक चार्टर

④ शिकायत निवारण तंत्र की स्पष्ट प्रक्रिया व शिकायत निवारण प्रक्रिया का डैमो उपलब्ध करना।

⑤ फीडबैक के आधार पर समय-2 पर नागरिक चार्टर का अद्यतनीकरण करना।

⑥ नागरिक चार्टर को कानूनी रूप से प्रवर्तनीय बनाया जाना चाहिये।

[नागरिक चार्टर] + [शिकायत निवारण तंत्र] + [फीडबैक तंत्र] = सेवोत्तम मॉडल

स्पष्टतः सुशासन के इस युग में प्रभावी नागरिक चार्टर क्रियान्वयन सेवोत्तम मॉडल पर आधारित शासन के लिये आवश्यक है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

7. Respect for human rights and humanitarian principles is a responsibility for all members of the international community. Discuss in the context of roles and responsibilities of States for protection of refugees. (150 words) 10

मानव अधिकारों और मानवीय सिद्धांतों के प्रति सम्मान व्यक्त करना अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के सभी सदस्यों का उत्तरदायित्व है। शरणार्थियों के संरक्षण के लिए राष्ट्रों की भूमिकाओं और उत्तरदायित्व के संदर्भ में चर्चा कीजिए।

मानव अधिकारो से तात्पर्य अधिकारो के उस समुच्चय से है जो किसी को मानव होने के कारण ~~स्वाभिक~~ स्वभाविक रूप से प्राप्त है वही मानवीय सिद्धांत वे सिद्धांत है जो मानववाद के पोषक है.

1948 मे मानवाधिकारो की सार्वभौमिक घोषणा ने इनके प्रति सम्मान को अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय के उत्तरदायित्व के रूप मे स्थापित किया।

शरणार्थियो के अधिकारो के संरक्षण मे राष्ट्रो की भूमिका व उत्तरदायित्व

1. शरणार्थियो को मूल राष्ट्र से प्रताडित मानव के रूप मे देखा जाता है अत: अन्तर्राष्ट्रीय नैतिकता इनके पुनर्वास के लिये राष्ट्रो की भूमिका व उत्तरदायित्व तय करती है.
   eg. रोहिंग्या मुद्दा।
2. राष्ट्रो को शरणार्थियो के मानव अधिकारो की रक्षा हेतु मूल राष्ट्र पर अन्तर्राष्ट्रीय दबाव बनाना चाहिये।
   eg. उईगर मुस्लिम के संदर्भ मे चीन पर दबाव
3. पर्यावरण शरणार्थियो के गुणवत्ता पूर्ण जीवन की जिम्मेदारी विकसित राष्ट्रो मे

उठानी चाहिये क्योंकि पर्यावरण प्रदूषण की अधिक जिम्मेदारी विकसित राष्ट्रों की अधिक है।
eg. अफ्रीका के शरणार्थियो के पुनर्वास मे यूरोप की भूमिका।

4. राष्ट्रो को अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग से शरणार्थियो की समस्याओ के समाधान हेतु आर्थिक, राजनीतिक व सामाजिक सहायता उपलब्ध कराई जानी चाहिये।
eg. UN की आर्थिक व सामाजिक परिषद का अफ्रीका के देशो मे कार्यक्रम

5. शरणार्थियो पर हो रहे अत्याचारो की रोकथाम हेतु अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय व ICC जैसे मंचो की भूमिका तय करना।

6. शरणार्थियो के शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार हेतु राष्ट्रो से समर्पित कोषो की स्थापना
eg. अल्पविकसित देशो के लिये UN कोष

स्पष्टतः शरणार्थियों के मानव अधिकारो की रक्षा हेतु राष्ट्रो की भूमिका व उत्तरदायित्व तय होनी चाहिये साथ ही इस दिशा मे वैश्विक सहयोग पर आधारित अन्तर्राष्ट्रीय नैतिकता का पालन करना चाहिये।

VISION IAS™

Don't write anything in this margin (इस भाग में कुछ मत लिखें)

6. What is red-tapism? Why is it considered a hurdle in the process of transitioning towards citizen centric governance? (150 words) 10

लाल फीताशाही क्या है? क्यों इसे नागरिक केंद्रित शासन व्यवस्था की ओर स्थानांतरण की प्रक्रिया में एक बाधा के रूप में देखा जाता है?

लाल फीताशाही किसी शासन व्यवस्था के विभिन्न सोपानो मे व्याप्त ~~कठु~~ स्थिति ~~है~~ है जिसमे अनावश्यक प्रथाओ व उत्साह की कमी के कारण विलम्ब की कार्य संस्कृति का जन्म होता है. 2nd ARC के अनुसार लाल फीताशाही सुशासन के समक्ष एक बड़ी चुनौती है.

नागरिक केंद्रित शासन व्यवस्था की ओर स्थानांतरण मे बाधा के रूप मे लाल फीताशाही

(1) लाल फीताशाही शासन मे विलम्बता व नागरिको की अल्पभागीदारी की संस्कृति का पोषण करती है.

(2) किसी योजना में शिकायत निवारण तंत्र के प्रति नौकरशाही उत्साह मे कमी के कारण नागरिको की भागीदारी सीमित करती है.

(3) लाल फीता शाही RTI के माध्यम सूचना प्राप्ति मे विलंब कर नागरिक केंद्रित शासन व्यवस्था में बाधा पहुंचाती है.

(4) नागरिक केंद्रित शासन मे नागरिक ग्राहक के रूप मे होता है जबकि लालफीताशाही

सिविल सेवक में सेवा के प्रति समर्पण के अभाव को जन्म देती है।

(5) लालफीताशाही परियोजनाओं में अनावश्यक विलम्ब को बढ़ाती है जो परियोजनाओं की लागत को बढ़ाती है जिससे नौकरशाह सामाजिक अंकेक्षण से बचने का प्रयास करते है और नागरिक भागीदारी बाधित होती है।
eg. MOSPI के अनुसार 441 परियोजनाओं लालफीताशाही के कारण 4.74 लाख करोड़ की अतिरिक्त लागत।



Fig. लालफीताशाही से सत्ता मे केन्द्रीकरण

इस तरह लालफीताशाही नागरिक केंद्रित शासन के समक्ष एक बड़ी बाधा है। UNDP के अनुसार नागरिक समाज की भागीदारी पर आधारित विकास को बढ़ावा देते हुये कार्य संस्कृति से लालफीताशाही को समाप्त किया जाना चाहिये।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

SECTION – B

In the following questions, carefully study the cases presented and then answer the questions that follow (in around 250 words):

9. Given the rising tide of Covid induced fatalities, the government is under extreme pressure to deliver some vaccine to the population. You are the Cabinet Secretary to the Government of India. You are heading the committee to oversee the process of vaccine development and distribution to fight against the Covid outbreak in the country. You have been asked to expedite the process and come up with a solution at the earliest.

Some vaccines are available around the globe, but they are in limited supply and also expensive. One of the indigenously developed vaccine has shown initial positive results, but health experts have raised concerns over its safety, efficacy and the methodology being followed for its approval. Other promising vaccines under development, following a rigorous methodology, may take months to enter the market. In this context:

(a) What are the critical issues involved in the case?

(b) Explain, with relevant reasons, the course of action that you would take. **(20)**

कोविड के प्रकोप के कारण मृत्यु की बढ़ती संख्या को देखते हुए सरकार, जनता को कुछ वैक्सीन उपलब्ध कराने को लेकर अत्यधिक दबाव में है। आप भारत सरकार के मंत्रिमंडल सचिव हैं। आप देश में कोविड प्रकोप का सामना करने के लिए वैक्सीन का विकास और वितरण की प्रक्रिया का निरीक्षण करने वाली समिति का नेतृत्व कर रहे हैं। आपको प्रक्रिया में तेजी लाने और जल्द से जल्द समाधान के लिए कहा गया है।

वैश्विक स्तर पर कुछ वैक्सीन उपलब्ध हैं, लेकिन उनकी आपूर्ति सीमित है और साथ ही वे महंगी भी हैं। स्वदेशी रूप से विकसित वैक्सीन में से एक में आरंभिक सकारात्मक परिणाम देखे गए हैं, लेकिन स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इसकी सुरक्षात्मकता, प्रभावकारिता और इसके अनुमोदन के लिए अपनाई जा रही कार्यपद्धति पर चिंता व्यक्त की है। विकास की प्रक्रिया के तहत कठोर कार्यपद्धति का पालन करने वाली अन्य आशाजनक वैक्सीनों को बाजार में उपलब्ध होने में महीनों का समय लग सकता है। इस संदर्भ में:

(a) इस प्रकरण में सम्मिलित महत्वपूर्ण मुद्दे क्या हैं?

(b) प्रासंगिक कारणों के साथ स्पष्ट कीजिए कि इस संबंध में आप क्या कार्यवाही करेंगे।

उपर्युक्त प्रकरण राज्य की स्वास्थ्य संबंधी दायित्व (Art 47) व टीके के आपातकालीन मंजूरी के संदर्भ में मंत्रिमंडल सचिव व वैक्सीन पर बनी समिति के अध्यक्ष के रूप मे उत्पन्न नैतिक संघर्ष की स्थिति को प्रदर्शित करता है.

(a) प्रकरण मे सम्मिलित मुद्दे

(i) बढ़ती मृत्युओं की संख्या में वेक्सीन की उपलब्धता का मुद्दा।

(ii) वेक्सीन की आपातकाल मंजूरी का मुद्दा।

(iii) वैश्विक वेक्सीन की वहनीयता का मुद्दा।

(iv) स्वदेशी वेक्सीन की सुरक्षात्मकता व प्रभावकारिता के अनुमोदन की कार्य पद्धति के प्रति अविश्वास का मुद्दा।

(v) कठोर कार्य पद्धति के पालन से वेक्सीन विलम्बता का मुद्दा।

(vi) वेक्सीन के विकास व वितरण की सूची तैयार करना का मुद्दा।

(vii) सर्वाधिक उपयुक्त वेक्सीन के चुनाव का मुद्दा।

(viii) वेक्सीन की गुणवत्ता व समय मे तेजी लाने के संबंध समन्वय का मुद्दा।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ मत लिखें)

(b) कार्यवाही व प्रासंगिक कारण

① सर्वप्रथम स्वदेशी व वैश्विक वैक्सीनो की उपलब्धता पर आधारित सूची समिति की सहमति के आधार पर तैयार करूंगा।

प्रासंगिक कारण → निर्णय निर्माण के लिये विकल्पों मे वृद्धि व बेहतर कि॰ वैक्सीन के चुनाव की संभावना बढ़ जायेगी।

② प्रत्येक वैक्सीन के नैदानिक परीक्षणो विभिन्न चरणो की स्थिति व प्रत्येक चरण के परिणामो को सूचीबद्ध करना।

प्रासंगिक कारण → प्रत्येक वैक्सीन की स्पष्ट स्थिति का पता चलेगा। तथा तुलना संभव हो पायेगी।

③ प्रत्येक वैक्सीन की आर्थिक वहनीयता का तुलनात्मक अध्ययन।

प्रासंगिक कारण → स्वदेशी वैक्सीन व अन्य वैक्सीन के वहनीयता अंतराल की जानकारी प्राप्त होगी।

④ प्रत्येक वैक्सीन के नैदानिक परीक्षणो की सुरक्षात्मक व कार्यपद्धति का तुलनात्मक अध्ययन।

प्रासंगिक कारण → सुरक्षा की दृष्टि से सर्वाधिक सुरक्षित वैक्सीनो की वरीयता क्रम निर्धारण किया जा सकेगा।

⑤ प्रत्येक वैक्सीन की उपलब्धता समय के अंतराल को सूचीबद्ध करना।
